तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 08 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 कीचड़ रूपी संसार से बेदाग निकलना भगवत भक्ति...

14 पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन ...


खबर संक्षेप

### शिव मंदिर में चोरी, 22 हजार के सामान पार

**महासमुंद।** बसना क्षेत्र के ग्राम दुधीपाली के शिव मंदिर से 22 हजार के सामानों की चोरी हो गई। पुलिस ने पुजारी की रिपोर्ट पर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को दुधीपाली निवासी व गांव के बंशीधर साहू के शिव मंदिर के पुजारी पूर्णचंद्र महापात्र ने बताया कि 6 नवंबर को सुबह 4:45 बजे मंदिर में पूजा करने के लिए गया तो देखा कि मंदिर हाल एवं गर्भगृह के दरवाजे में लगा ताला कटा हुआ नीचे पड़ा था। चोरी होने के संदेह में प्रफुल्ल साहू, प्रकाश साहू को इसकी जानकारी दी, सभी लोगों के आने के बाद मंदिर अंदर प्रवेश कर देखा कि तो वहां लगा एक नग डीबीआर, एक नग एलईडी टीवी, एक नग एम्प्लीफायर, दो नग हेड माईक, एक नग वाल फेन कीमत 22, 000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## विवादः सुलह होने के बाद दर्ज कराई अस्पताल प्रबंधन ने झूठी रिपोर्ट, जांच की मांग

# पार्षद पति पर सुरक्षा गार्ड से मारपीट का आरोप, एफआईआर की खिलाफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड के साथ बुधवार देर रात हुई मारपीट मामले में पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि विजय साव के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वहीं गुरुवार को पार्षद अनिता साव और प्रतिनिधि विजय साव मोहल्लेवासियों के साथ थाना पहुंचे और मामले में प्रार्थी के साथ हुए सुलह समझौता की कॉपी प्रस्तुत करते हुए झूठी एफआईआर दर्ज कराने जाने के विरुध्द जांच कार्रवाई की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस को शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 प्रणय पिता राजेंद्र खरे ने एफआईआर में बताया कि 6 नवंबर को दोपहर लगभग 12:30 बजे विजय साव निवासी महासमुंद अपने परिजन को उपचार हेतु चिकित्सालय लाया। जिसके द्वारा चिकित्सालय में आने पर मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा खेमराज चंद्राकर पिता स्व. कन्हैया लाल निवासी ग्राम खरोरा, महासमुंद के साथ अभद्रतापूर्वक बर्ताव करते हुए मारपीट की गई। मारपीट से खेमराज चंद्राकर के चेहरे पर चोटें आई हैं। इसके अलावा आरोपी विजय साव द्वारा चिकित्सालय में कार्यरत स्टाफ से भी गाली गलौज किया गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 121(1), 132, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वार्डवासियों के साथ पहुंचकर दर्ज कराई आपत्ति

झूठी एफआईआर दर्ज कराए जाने के खिलाफ जांच कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व पार्षद विजय साव पिता स्व. चंदन साव निवासी मौहारी भाठा, वार्ड नं. 28 ने कोतवाली को बताया कि बुधवार दोपहर 12:30 बजे के लगभग अपने वार्ड के नागरिक भागवत पिता गुहन लाल वर्मा को उपचार कराने जिला चिकित्सालय खरोरा महासमुंद ले गया। प्रवेश द्वार पर पहुंचते ही मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेरे द्वारा प्रवेश द्वार पर तैनात गार्ड खेमराज चंद्राकर से मरीज को ले जाने के लिए स्ट्रेचर लाने कहा जिस पर गार्ड के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया, जिससे हम दोनों के बीच कहासुनी हो गई। दोनों के मध्य जो गलत फहमी थी दूर हो गई। पश्चात खेमराज चंद्राकर के द्वारा थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने का उल्लेख है। बाद में ज्ञात हुआ कि संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक शासकीय जिला चिकित्सालय खरोरा महासमुंद के द्वारा मेरे विरुद्ध सुरक्षा गार्ड व अन्य स्टाफ के साथ मारपीट व गाली गलौज किए जाने के संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिकायत को झूठा बताते हुए साव ने कहा कि इसके संबंध में अस्पताल परिसर के सीसीटीवी फुटेज व मौके पर उपस्थिति पीड़ित व परिजन तथा अन्य से जानकारी ली जा सकती है। संयुक्त संचालक के द्वारा जानबूझकर मिथ्या एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसकी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

# घर को क्षतिग्रस्त कर धान खा गया दंतैल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दंतैल एमई-3 बुधवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पार कर फुसेराडीह में एक किसान के घर को क्षतिग्रस्त कर धान को खा गया। वर्तमान में दंतैल केसलडीह-खिरसाली रोड को पार कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 59, 55, 54, 58 के आस पास के जंगल में विचरण कर रहा है।

वन विभाग ने ग्राम खिरसाली, केसलडीह, बंदोरा, सुकुलबाय नादबारू, रायकेरा, मरौद, अमलोर, चुहरी, बोरिद के आसपास के गांवों को हाई अलर्ट किया है। इसके अलावा ग्राम तालझर, दलदली, छताल, मुरुमडीह, कौवाबाहरा, अवराई, बरबसपुर, रवान, मोहदा, बारनवापारा, सैहाभाटा के ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा है। जानकारी के अनुसार दंतैल एमई 3 बुधवार की देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पार कर बिरबिरा की ओर बढ़ा और देर रात फुसेराडीह के किसान जगन्नाथ यादव के घर को क्षतिग्रस्त कर धान खा गया। जिससे किसान को आर्थिक क्षति हुई। हाथी के लगातार विचरण से इन दिनों किसान परेशान हैं और खेत में तैयार हो चुकी फसल को लेकर चिंतित हैं।

# कलेक्टर खेत में उतरे, सत्यापन कर रहे राजस्व अमले को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी से पहले धान के अनुमानित फसल और उपार्जन की प्रविष्टि हो रही है। इस कार्य में जुटे राजस्व के मैदानी अमले के साथ गुरुवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह स्वयं खेतों में उतरे और कार्य का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए राज्य सरकार द्वारा किसान पंजीयन और समितिवार अनुमानित धान उपार्जन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस वर्ष एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत धान उत्पादक किसानों से फसल गिरदावरी के आधार पर भूईयां सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट धान के रकबे के आधार पर धान की खरीदी की जाएगी। भुंइयां सॉफ्टवेयर में दर्ज फसल धान की प्रविष्टियों में 5 प्रतिशत का रैंडम सत्यापन भी किया गया है।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व निरीक्षक मंडल पटेवा, पटवारी हल्का नंबर 20 के अंतर्गत ग्राम बावनकेरा में खसरा नंबर 1410 पर कृषक नीलीमा, पति द्रोण चंद्राकर के खेत में लगे धान की फसल का निरीक्षण किया। इसी प्रकार, ग्राम खम्हारमुड़ा में खसरा नंबर 222/1 पर कृषक रामलाल, पिता नाथूराम यादव के खेत में लगे धान का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार साहू एवं राजस्व, खाद्य और कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय सीमा में सत्यापन कार्य को पूर्ण करें।

### अब तक 47 हजार खसरे सत्यापित

जिले में तहसील स्तर के अधिकारियों द्वारा अब तक कुल 47,403 खसरों का सत्यापन कार्य संपन्न किया जा चुका है। जिला स्तर पर 72 अधिकारियों को द्वितीय चरण के खसरा सत्यापन कार्य के लिए नियुक्त किया गया है, जिनके द्वारा खसरा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

CVRU
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Chhattisgarh, Bilaspur
AN AISECT GROUP UNIVERSITY
Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | UGC-DEB | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University
THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC
दूरस्थ शिक्षा - प्रवेश प्रारंभ
Join New Age Degree Programmes
FEATURES OF CVRU-CENTRE FOR DISTANCE EDUCATION
All Procedures through ONLINE PORTAL
Quality STUDY MATERIALS (SIM, SLM, e-LM) & Online Lectures
Timely Conduct of Exams followed by Quick Results
Remedial Classes/Contect Class/ Dout Clearing Class
Enhancement in Skill based Education
Bhartiya Gyan Parampara Kendra & Chhattisgarh shodh Evm Srijan Peeth
Online Live Lectures & contents from MOOCS, SWAYAM, NPTEL
Sustainable campus with Solar Energy resources & Energy Park
Excellent indoor & outdoor Sports facilities
(iTBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
Chhattisgarhi Lok Kala and Sanskriti Kendra & Chhattisgarhi Museum (Sanjohi)
Strong Industrial linkage with National & MNC'S to ensure valuable opportunities for internships and job placements, enriching students' practical experiences.
150+ MoUs with national & international organizations and industry partners
A NAAC
Admission Last Date 15th November 2024




Programmes Offered
MBA BBA B.Com B.Lib
Admission Enquiry Call :
9302969342, 9617772312
HELP DESK FOR ENQUIRY
RAIPUR : 2nd Floor, "ACE Global" Opp. Minocha Petrol Pump, G.E.Road, Telibandha, Raipur - 492006, Chhattisgarh, Phone: +0771-6611111, 4022197, Mo. 9165550308
JAGDALPUR : 2nd Floor, Dubey Complex, Near Punjab Bhawan, Rautpara, Azad Chowk, Pandit Dindayal Upadhyay Ward, Jagdalpur: 494001, Distt: Bastar, (C.G.), Phone: 07782-225223, Mo. 9826882871, 7772044779
BHILAI : Near Ekta Park, Maitri Vihar, Radhika Nagar, Bhilai, District : DURG: 490020, CHHATTISGARH, Ph: +91-0788-2295617, 2294009, Mo. 7000718244
RAJNANDGAON : NH-6, GE Road Near Collectorate SBI Branch, Infront of Manokamna Bhawan, Shakti Nagar, Rajnandgaon: 491441, Chhattisgarh, , Phone: 91-07744-228568 Mo. 7828343001, 7000180528
Kargi Road, Kota, BILASPUR (C.G.), Ph. : 07753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in
AdPRAYAS

**खबर संक्षेप**

### मितान धारा फाउंडेशन ने इलाज के लिए दो हजार दिए



**कुरूद**। ग्राम मोंगरा निवासी हेमिन ध्रुव हाथ, पैर दर्द के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित होकर इलाज के लिये भटक रही थी। मितान धारा फाउंडेशन को इसकी जानकारी होने पर श्रीमती ध्रुव के इलाज हेतु 2000 रूपये की सहयोग राशि दी। फाउंडेशन से जुड़े ग्रामीण हेमराज विश्वकर्मा ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य बेसहारा को सहारा देना है। हेमिन ध्रुव ने उन्हें बताया कि शारिरिक समस्याओं के चलते वह कुछ भी काम नहीं कर पाती थी और उन्हें इलाज के लिये पैसों की दिक्कत हो रही थी। मितान धारा फाउंडेशन ने 2000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की है।

# आबकारी विभाग ने जब्त की महुआ और देशी प्लेन शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला आबकारी विभाग ने जिले के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से तैयार किए गए महुआ शराब को जब्त किया है।

महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीष कुमार कोष्टी एवं मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में 7 नवंबर को आबकारी वृत्त बागबाहरा, पिथौरा महासमुंद आतंरिक की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्यवाही की गई जिसमें ग्राम सुनसुनिया में सुनसुनिया-पठारीमुड़ा मार्ग में आरोपी सुरेश साहू पिता रघुनाथ साहू, (36 वर्ष) बागबाहरा के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर 2 पॉलीथिन में प्रत्येक में कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, वहीं 23 नग रोमियो देशी प्लेन मदिरा 4.14 लीटर कुल





14.140 लीटर अवैध शराब बरामद किया है। उक्त कृत्य के लिए आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क), 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया। वहीं ग्राम गांजर में तालाब किनारे बनी झोपड़ी की तलाशी लेने पर 2 प्लास्टिक बोरियों में 35 नग शोले देशी प्लेन मदिरा 6.300 लीटर शराब तथा 5 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 11.300 लीटर अवैध मदिरा, बाजार मूल्य 4150 रुपए को लावारिश हालत में जब्त किया गया। इस मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2011 की धारा 34(1) (क), 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। यह कार्रवाई वृत्त बागबाहरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक शिवशंकर नेताम, विकास बढ़ेद्र, आरक्षक संजय मरकाम तथा बागबाहरा, पिथौरा एवं महासमुंद आंतरिक स्टॉफ उपस्थित थे। इसी तरह आबकारी वृत्त सांकरा द्वारा ग्राम ढाबाखार में देगुन यादव पिता मालिकराम (57 वर्ष) के मकान की विधिवत तलाशी लिए जाने पर आरोपी के कब्जे से कुल जुमला 6.700 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, कीमत 1340 को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्रवाई वृत्त सांकरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी सांकरा स्टॉफ उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक ने दिया सुरता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल सोरिद से बतौर

**अपने 40 वर्षीय शिक्षकीय कार्यकाल का अनुभव किया साझा, कहा- दायित्वों के शिक्षक कभी निवृत्त नही हो सकता**

प्रधानपाठक सेवानिवृत्त होने पर श्रीमती सरिता प्रमोद तिवारी द्वारा कोडार खल्लारी मंदिर परिसर में सुरता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होनें अपने 40 वर्षीय शिक्षकीय कार्यकाल का ब्यौरा साझा किया। इस अवसर पर काफी संख्या में परिवारजन, ईष्टमित्र एवं समाजजन मौजूद रहे।

श्रीमती सरिता तिवारी ने इस दौरान बताया कि उनकी नजरों में शिक्षा का कार्य केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं है। विद्यार्थी एक मानव संसाधन है। उनके गुणों व कर्तव्यों तथा संस्कारों पर ही भावी पीढ़ी का भविष्य निर्भर है। शिक्षक स्वयं अनुशासिक होकर छात्रों कोअनुशासन में रख सकता है।मानव संसाधन को विकसित



करने तथा उन्हें विविध आयामों से सुसज्जित करने का दायित्व शिक्षक पर होता है। उन्होनें कहा कि मुझे गर्व है कि मैं एक शिक्षक हूं। आज भले ही मैं सरकारी तौर पर कानूनी प्रक्रिया के तहत सेवा निवृत्त हुई, पर एक शिक्षक कभी अपने दायित्वों से निवृत्त नहीं हो सकता। ऐसी शिक्षा किस काम की जो साधारण जनों का जीवन संघर्ष के लिये क्षमतावान न बना सके। उन्होनें कहा कि अध्यापन को गति दने के साथ रेडक्रास, स्काउट गाईड, खेल साक्षरता, विविध साक्षरता में भी और सबसे अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से भी युवा वर्ग को सामुदायिक भावना एकता की डोर के मजबूत करते हुये सामाजिक उत्थान, राष्ट्रीय प्रेम और सर्वप्रथम एक अच्छा इंसान बनाने हेतु लगातार प्रयास किया। वर्ष 2001 से 2023 तक दूरस्थ ग्राम में शिविर लगाकर सेवा भाव से कार्य किया जो मेरे जीवन का सबसे अमूल्य पहलू है।

साक्षरता के माध्यम से जन जन तक अक्षर ज्ञान फैलाते हुये समूह गठन कर उन्हें बैंक से रोजगार दिलाते हुये समय से ऋण पटाने हेतु भी कार्य किया। जिसमें तात्कालिक अधिकारियों का बहुत ही सहयोग रहा। एक शिक्षक होने के बाद भी जो सम्मान व सहयोग मिला व अविस्मरणीय है। विधिक साक्षरता के माध्यम से जज अनिल शुक्ला, आशीष पाठक के साथ अंतिम छोर तक विधिक ज्ञान गंगा बहाने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना में 7 नेशनल ट्रेकिंग, हाईकिंग, कल्चर प्रोग्राम का हिस्सा बनने व छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बालिका सुरक्षा, आत्मरक्षा हेतु कराते प्रदर्शन व गांव गांव तक कराते सिखाने में पुलिस विभाग ने मुझे भी सहभागी बनने का अवसर दिया। संपूर्ण साक्षर जिला हो या कराते में गोल्डन वर्ल्ड रिकार्ड में भी एक कड़ी के रुप में जुड़ी यही मेरे जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार है।

**शिक्षा :** पांच वर्षीय बीए, एलएलबी पाठ्यक्रम शुरू करने 27 पद किये स्वीकृत

# विधायक चंद्राकर के सपनों के कुरुद को साकार कर रही छग की विष्णुदेव सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में एक और नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। विधायक अजय चंद्राकर



के सपने को साकार करते हुए छग शासन ने कुरुद शहर में पांच वर्षीय बीए, एलएलबी पाठ्यक्रम शुरू करने विभिन्न पदों के लिए कुल 27 पद की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक के इस प्रयास व सरकार के इस फैसले से कुरूद शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। इससे न केवल स्थानीय छात्रों को लाभ होगा बल्कि आसपास के क्षेत्र के छात्र भी यहां आकर पढ़ाई कर सकेंगे।

उच्च शिक्षा विभाग छग शासन ने 30 अक्टूबर 2024 को आदेश जारी करते हुए कुरुद में बीए, एलएलबी (5 वर्षीय) पाठ्यक्रम की स्थापना करने सहायक प्राध्यापक अंशकालिक हेतु 13 एवं क्रमशः ग्रंथपाल, अं का., क्रीड़ाधिकारी अं. का., सहायक ग्रेड एक, हॉस्टल



अधीक्षक, सहायक ग्रेड 2, डाटा एंट्री आपरेटर, सहायक ग्रेड 3, भृत्य, बुक लिफ्टर, स्वच्छक व चौकीदार के लिए 1-1 पद सृजन के साथ कुल 27 पदों की स्वीकृति प्रदान की है। भाजपा नीत विष्णुदेव सरकार के इस निर्णय से कुरूद के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। अब उन्हें वकालत विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महानगर जाने की जरूरत नहीं होगी। वे अपने ही शहर में रहकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

#### बेहतर मानव संसाधन उत्पन्न करने वाला शहर बनेगा

उल्लेखनीय है कि गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में डिप्लोमा, डिग्री, पीजी के साथ विभिन्न विषयों में शोध कार्य करने वाले विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। कृषि महाविद्यालय भी संचालित हैं। इसके साथ ही सरकार की नई घोषणा व स्वीकृति के अनुरूप अब यहां पॉलीटेक्निक व पाँच वर्षीय बीए, एलएलबी का कोर्स भी शुरू होने जा रहा है। नए विषयों और संकायों के शुरू होने से कुरूद के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। परिणामस्वरूप नगर का शिक्षा के क्षेत्र में जहां सर्वांगीण विकास होगा वहीं यह एक बेहतर मानव संसाधन उत्पन्न करने वाला शहर भी बनेगा।

#### शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा कुरुद

स्वीकृति की खबर पाकर नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर, अधिवक्ता मुकेश साहू, सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा, कांट्रेक्टर राजेश पवार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताते हुए कहा कि नए विषयों और संकायों के शुरू होने से कुरूद में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा। इससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे। वे इन विषयों में विशेषज्ञ बनकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बना सकेंगे। साथ ही स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। आने वाले समय में कुरूद एक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

#### कुरूद के विकास में मील का पत्थर

नगरवासी बीरेंद्र बैस, तिलोक जैन, कृष्णकांत साहू ने कहा कि यह निर्णय कुरूद के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। कुरूद का नाम पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा। अब कुरूद के शिक्षण संस्थानों को इन नए विषयों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने होंगे। साथ ही कुशल शिक्षकों की भर्ती भी की जाएगी। सरकार को भी इन संस्थानों को विकसित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करनी होगी। कुरूद को शिक्षा हब बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे कुरूद के युवाओं के लिए नई संभावनाएं खुल गई हैं।

# सिवनीकला स्कूल के शिक्षक ने अयोध्या में किया मंच संचालन




- कर्मभूमि में एसएमसी ने शॉल, श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम मरौद से संचालित मानस दर्शन जीवन अर्पण के संचालक दीपक गुहा को पद्म विभूषण पंडित श्रीरामकिंकर महाराज के जन्मोत्सव पर अयोध्या धाम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मंच संचालन का मौका मिला। इससे उन्होंने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया।

विदित हो कि दीपक गुहा हाईस्कूल सिवनीकला में रसायन विषय के शिक्षक हैं। 6 नवंबर को शाला विकास समिति ने हार पहनाकर शॉल, श्रीफल भेंट किया। इस दौरान हाईस्कूल एसएमसी अध्यक्ष टकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हाईस्कूल के शिक्षक मानस संघ से जुड़े हुए हैं। उनको मंच संचालन का मौका मिला।

मौके पर सुशील साहू, कपिल पटेल, दीपदान साहू, खिलावन चंद्राकर, नंद निर्मलकर, किशोर साहू, सुरेश साहू पंच, गिरधर निर्मलकर, राजकुमार सेन, रामेश्वर साहू, टीआर पटेल, एनएस साहू, पी. ठाकुर, आर. कोसरे, एलके नायक, सुनीता मारकंडे, केके गायकवाड़, डीडी. निर्मलकर, डीआर बंजारे टिकेश्वरी साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, हरीश साहू, जीतेश्वर साहू, अजय साहू सहित समिति के सदस्य, ग्रामीण और शिक्षकगण उपस्थित थे।

# आयुक्त ने किया जैविक खाद व मणिकंचन केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- गार्डन निर्माण और कचरा प्रबंधन पर दिया विशेष जोर

नगर निगम की नवनियुक्त आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने बुधवार की सुबह महिमा सागर वार्ड स्थित जैविक खाद केंद्र व मणिकंचन केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयुक्त को जानकारी दी कि जैविक खाद केंद्र पूर्व में ट्रेंचिंग ग्राउंड था जहां कचरे का एक विशाल पहाड़ था, जिसे 100 प्रतिशत डिकंपोज कर दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उक्त ग्राउंड में गार्डन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

गौरतलब है कि गार्डन परियोजना के तहत बाउंड्री निर्माण, पाथवे, बोरवेल,पौधारोपण और



अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। इन योजनाओं के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड को एक हरित क्षेत्र में परिवर्तित करने की दिशा में आवश्यक संरचनात्मक बदलाव किए जायेगा। बाउंड्री से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पाथवे से स्थानीय लोग आसानी से वहां भ्रमण कर सकेंगे और बोरवेल के माध्यम से जल की उपलब्धता भी रहेगी। इसके अलावा पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

आयुक्त ने मणिकंचन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य केंद्र में संचालित गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना और वहां की कार्यप्रणाली को समझना था। इस दौरान आयुक्त ने केंद्र की संचालन व्यवस्था की सराहना की और बेहतर परिणामों के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने कर्मचारियों को प्रेरित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक उत्साह के साथ निभाएं। आयुक्त ने मणिकंचन केंद्र के भविष्य की योजनाओं पर भी विचार किया और सुझाव दिए कि किस तरह तकनीकी सुधार और संसाधनों के उपयोग से केंद्र की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। आयुक्त ने शहरवासियों से शहर में संचालित 10 मणिकंचन केंद्र पर विजिट करने की अपील की है, ताकि वे कचरा प्रसंस्करण की पूरी प्रक्रिया को समझ सकें और स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सकें। आयुक्त गोयल ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयासरत रहेगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा, प्रभारी कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

# खुटगांव ने डीआरजी को किया पराजित

- छिपली में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में 55 टीमों ने दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम छिपली में जय महाकालेश्वर क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से जिला स्तरीय क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 55 टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया। स्पर्धा में क्रिकेट क्लब खुटगांव की टीम विजयी रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल संयोजक नागेंद्र शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, महामंत्री हृदय साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक रूपेंद्र साहू, ग्राम पटेल मनहरण साहू, उपसपंच राधा बाई ध्रुव, अधिवक्ता तुलसी राम साहू, मीडिया प्रभारी जिला विधि प्रकोष्ठ, मदन पटेल, गुरुप्रसाद साहू, मन्नूलाल यादव, दानेश्वर ध्रुव,




टेमन लाल साहू थे। अतिथियों ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। छत्तीसगढ़ शासन के सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से लोक सांस्कृतिक संस्था लोक प्रयाग नवापारा राजिम की प्रस्तुति हुई। प्रतियोगिता में खुटगांव क्रिकेट क्लब जिला गरियाबंद की टीम ने डीआरजी नगरी को पराजित किया।

मौके पर जय महाकालेश्वर क्रिकेट क्लब के संरक्षक हृदयलाल साहू, अध्यक्ष अरुण पटेल, रुस्तम नवरंग, नीलकमल साहू, विवेक साहू, मिराज साहू, लकेश्वर यादव, भूपेंद्र देव, आशीष नेताम, पप्पू नाग, लक्की निषाद, रूप कश्यप, तरुण साहू, लुकेश्वर कश्यप, नागेन्द्र देव, तोषण, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नंद देव, गीतेश्वर निषाद समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यकम का संचालन तोमल साहू, लखेश्वर यादव ने किया। यह जानकारी अधिवक्ता तुलसीराम साहू ने दी है।

# अहिल्याबाई होल्कर ने क्षतिग्रस्त मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया

- सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद में 300वीं जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

लोकमाता पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर समारोह समिति कुरूद खंड द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के खंड अध्यक्ष देवनाथ चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, सदस्य लक्ष्मीकांत द्विवेदी, धनेश्वर निर्मलकर, दक्षिणेंद्र गिरी गोस्वामी, नेमीचंद बैस, शशांक कृदत्त बतौर अतिथि थे।

कार्यक्रम में आचार्या देवेश्वरी साहू, इंदिरा लहरे ने अपने उद्बोधन में






अहिल्याबाई के जीवन वृतांत का जिक्र करते हुए कहा कि 31 मई 2024 से देवी अहिल्याबाई होल्कर का 300 वां जयंती वर्ष प्रारंभ हो गया है। उनका जीवन भारतीय इतिहास का एक गौरवशाली स्वर्णिम पर्व है। ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की उनकी जीवनयात्रा आज भी प्रेरणास्त्रोत है। वे कर्तत्व परायण, सादगी, धर्म के प्रति समर्पण, प्रशासनिक कुशलता, दूरदृष्टि एवं उज्जवल राष्ट्रीय चारित्र्य का अद्वितीय आदर्श थीं। मंदिरों की पूजन-व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक विधर्मी आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण करवाया।

देवनाथ चंद्राकर ने अहिल्याबाई, भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती , गुंडाधुर, वीर नारायण सिंह जैसे अनेक महापुरुषों एवं क्रान्तिकारियों का जिक्र करते हुए कहा कि गुलामी के कालखंड में मुगलों एवं अंग्रेजों के साथ वीर योद्धाओं ने लड़ाई लड़ी जिनका आजादी के बाद इतिहास लिखने वालों ने जिक्र भी नहीं किया और किया भी तो बहुत कम। वर्तमान में ऐसे महापुरुषों का जिक्र हो रहा है जिनका जीवन कृतांत हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीनिवास शुक्ला, प्रधानाचार्य जितेंद्र निर्मलकर, कल्पना साहू, देवेश्वरी, इंदिरा लहरे, डिगेश्वरी यदु, देवराज वर्मा, देव कुमार साहू, तेजेंद्र यदु, रामस्वरूप यादव उपस्थित थे।

# मां अंगारमोती के दरबार में आज होगी मड़ई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

इस वर्ष भी ग्राम पुरेना स्थित मां अंगार मोती के दरबार में दीपावली त्योहार के बाद आने वाले पहले शुक्रवार को मड़ई मेला का कार्यक्रम होता है। बरसों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए 8 नवंबर को मड़ई मेला का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पुरेना स्थित मां अंगार मोती अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। यहां आने वाले भक्त कभी खाली हाथ वापस नहीं जाते।

यहां के पुजारी महेश टंडन ने बताया कि यहां मां अंगारमोती विराजमान हैं। मां अंगारमोती यहां आने वाले अपने सभी भक्तों की इच्छा पूरी करती हैं। यहां खासकर निःसंतान दम्पत्ति संतान प्राप्ति की मनोकामना




लेकर ज्यादा आते हैं और माता उनकी इच्छा जरूर पूरी करती हैं।

## खबर संक्षेप



### सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की पहचान : तुषार

**महासमुंद।** ग्राम अछोला में यादव समाज के तत्वावधान में सुआ नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल उनके धार्मिक और सामाजिक जीवन को समृद्ध करता है, बल्कि उनके सांस्कृतिक गर्व और पहचान को भी बनाए रखता है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच कमल साहू, राजू साहू, कौशिक साहू, रानू यादव, चेतन यादव अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मुहूर्त खरीदी में धान की आवक बढ़ी

**धमतरी।** दीपावली त्योहार की छुट्टियों के बाद बुधवार को पंचमी पर कृषि उपज मंडी में व्यापारियों एवं किसानों की उपस्थिति में मुहूर्त खरीदी हुई। धान की पूजा के बाद व्यापारियों ने बोली लगाई। पहले दिन ही 1818 कट्टा धान की आवक हुई। रेट वाजिब मिलने से किसान खुश नजर आए। मंडी के श्री देवदास ने बताया कि बुधवार को कृषक प्रतिनिधि माधव राव पवार, लक्ष्मीनारायण साहू, रमेश गोलछा, हामिद खान, राधेश्याम राठी सहित किसान नारद राम, भूखन लाल, श्रमिक भुवन लाल, पुनारद आदि की उपस्थिति में मुहूर्त खरीदी हुई। इस दिन आईआर 64 को 2332, सांभा नया को 2281, सांभा पुराना 2591, 1001 धान को 2281, गोल्डन सांभा को 2401, सरोना को 2275, ओमश्री को 2661, महेन्द्रा धान को 2661 का भाव मिला।

### बच्चों को किया मोटिवेट

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि सिलौटी में इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटोमिक रिसर्च कल्पकम (चेन्नई) के वैज्ञानिक भानुप्रकाश साहू का आगमन हुआ। बच्चों के बीच अपने अनुभव को साझा किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से बच्चों को मोटिवेट किया। बच्चों ने अनेक प्रश्न किए। उन्होंने बहुत ही सरलता के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर दिये।

**छठ पर्व:** गन्ने का रस गुड़, चावल के खीर का प्रसाद, विश्व कल्याण और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

# डूबते सूर्य को अर्घ्य दे मांगी मन्नत आज की जाएगी उगते सूरज की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रतियों ने शाम के समय महामाया मंदिर में स्थित तालाब घाट पर पहुंचकर अस्त होते सूर्य को नमन कर पहला अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने अर्घ्य देने के साथ ही छठ मइया से विश्व कल्याण और परिवार के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

शहर के माहामाया मंदिर में स्थित तालाब घाट के साथ ही अन्य घाटों पर श्रद्धालु पहुंचे। आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन किया जाएगा। शहर में कुछ सालों पहले तक छट पर्व लोग बहुत कम संख्या में मनाते थे। धीरे-धीरे शहर में बिहार प्रदेश के लोगों की संख्या बढ़ने लगी। इसके बाद ये पर्व स्वयं में अलग छटा बिखेरने लगा। वर्तमान में इस पर्व को मनाने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या है। इसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन हर साल इस पर्व के लिए महामाया मंदिर में स्थित तालाब घाट की सफाई करवाकर श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया करवाता है। छठ पर्व मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया था।

इसके बाद दूसरे दिन खरना की रस्म पूरी करने के बाद महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। तीसरे दिन यानी गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की रस्म निभाई गई। व्रती महिलाएं जहां दिनभर छठ मइया की आराधना करती रहीं, वहीं घर के अन्य सदस्यों ने शाम की पूजा के लिए दिनभर खरीदारी की। शाम होते ही श्रद्धालु परिजनों के साथ पूजा की सामग्री लेकर के घाटों पर पहुंचे। यहां पहुंचकर पहले से चिन्हित बेदी पर पूजा का सामान रखकर व्रती महिलाओं ने पूजापाठ शुरू किया। इसके बाद महिलाओं ने छठ पूजा में उपयोग होने वाली सभी सामग्रियों को एक बांस की टोकरी में रखा। इसके बाद सूर्य को अर्घ्य के लिए प्रसाद सूप में रखकर दीपक जलाया। इसके बाद सूर्य अस्त होने से पहले ही महिलाएं पानी में खड़ी हो गई। वहीं सूर्य के अस्त होते ही सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।



### बांस की टोकरी में सजाई पूजा सामग्री

छठ पूजा के लिए बांस से बनी टोकरियों का विशेष महत्व होता है। महिलाएं इस बांस की टोकरी और सूप (छाज) में पूजा की सामग्री रखती है। इसमें मुख्य रूप से चावल, दीपक, सिंदूर, गन्ना, हल्दी, सुथनी, सब्जी, शकरकंदी, दूध, फल, शहद, पान, नींबू, सुपारी, कैराव, कपूर, मिठाई और चंदन के अलावा ठेकुआ, मालपुआ, खीर, सूजी का हलवा, पूरी,

### गूंजते रहे छठ मइयां के गीत

गुरुवार को सुबह से हो रही तैयारियों के बीच समाज के लोग सिर पर बांस की टोकरी रखकर छठ मइया के गीत गाते हुए घाटों की ओर बढ़े। इस दौरान श्रद्धालु 'हे छठी मइया हर लीं बलैया', 'कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए', 'रिमिक झिमिक बोलेलीं छठी मइया' आदि छठ गीत गाते हुए छठ पर्व पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया।

## नगर के तालाबों में उमड़ा आस्था का सैलाब अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया पहला अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में छठ व्रती शाम को ढलते सूर्य को अर्घ्य देकर आज सुबह उदित सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे के व्रत का पारण करेंगे। पूर्वांचल के साथ अब सभी स्थानों में मनाए जाने वाले छठ पूजा में नगर के सभी तालाबों में व्रती पहुंचे। बिहार व उत्तरप्रदेश का खास छठ महापर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया गया। यह पर्व नहाय-खाय के साथ शुरू होकर शुक्रवार की सुबह उदयाचलगामी सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य अर्पित कर संपन्न होगा। सूर्य उपासना का यह महापर्व सूर्य देव को प्रसन्न कर संतान व परिवार की मनोकामना तथा कुशलता के लिए मनाया जाता है। नगर के तालाबों की सफाई व्यवस्था, तालाबों का रंग रोगन किया गया है। छठ पूजा के लिए वार्ड नंबर 15 स्थित शंकर मुंडा तालाब में आस्था का सैलाब उमड़ा। साथ ही तालाबों में व्रती वेदी बनाकर छठी मैया की पूजा कर अस्ताचलगामी सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया गया, जिसके लिए सभी तालाबों में पहले से ही वेदियां बनाकर जगह को सुरक्षित कर लिया गया था।



### छठ पूजा में खरना का मतलब शुद्धिकरण

अनिकेत सिंह ने बताया कि छठ पूजा के दूसरे दिन खरना की विधि होती है। खरना का मतलब शुद्धिकरण भी होता है। उन्होंने बताया कि खरना को कुछ जगह छोटकी छठ भी कहा जाता है। जिसमें शाम के समय साफ मिट्टी के चूल्हे पर रसियाव यानी गुड़ की खीर व रोटी बनाकर व्रतियों द्वारा ग्रहण किया जाता है। अनिकेत ने बताया कि रसियाव आम के पेड़ की लकड़ी की आग पर बनाकर प्रसाद पीतल के बर्तन में ही बनाने की परंपरा है। साथ ही जिस समय व्रती यह प्रसाद ग्रहण करते हैं, उस समय आसपास कोई आवाज नहीं आनी चाहिए। यदि आवाज कान पर सुनाई दे दी तो प्रसाद खाना वर्जित मानें जाने की मान्यता है। इसके बाद से ही 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होता है।

### छठ पूजा में डूबते सूर्य को क्यों दिया जाता है अर्घ्य

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अस्त होते समय भगवान सूर्य देव अपनी पत्नी प्रत्यूषा के साथ होते हैं। ऐसे में इस समय सूर्य देव को अर्घ्य देने से जीवन में आ रही सभी परेशानियां दूर होती हैं। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं ढलता सूर्य हमें बताता है कि हमें कभी भी हार नहीं मानना चाहिए क्योंकि रात होने के बाद एक उम्मीद भरी सुबह भी जरूर आती है। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार होता है। इतना ही नहीं व्यक्ति को सफल जीवन का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

# सहकारी समिति कर्मचारी पांचवे दिन भी हड़ताल पर

## 300 से अधिक राशन दुकानों में भी व्यवस्थाएं प्रभावित, तीन सूत्रीय मांग शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान में नमी का हवाला देकर शासन 1 नवंबर के बजाय 14 नवंबर से धान खरीदी कर रही है उसी नमी पर सूखत की मांग को लेकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने पांचवे दिन भी हड़ताल पर है।

जिले के कर्मचारी नेता जयप्रकाश साहू, महासमुंद से भोजराम साहू, कौशल साहू, बागबाहरा से रुद्रनाथ सिंह ठाकुर, मनीष चंद्राकर, मनोज भारद्वाज, थानेश्वर तिवारी, कोमाखान से भेख लाल यादव, गुमान साहू, घासीराम नागवंशी, तेंदूकोना से तुलाराम ध्रुव, मनी राम साहू, पिथौरा से ईश्वर पटेल, गुलाब पटेल, संतोष साहू, बसना से भोजराम साहू समेत हड़ताल में शामिल कर्मचारियों ने बताया कि धान में सूखत की मांग कर्मचारियों की व्यक्तिगत हित की मांग नहीं, बल्कि समितियों की साख को बचाने को लेकर है। विगत कोरोना वर्ष के दौरान जब धान खरीदी के दौरान परिवहन में विलंब हुआ था तब तत्कालीन राज्य सरकार ने शेष समितियों में स्टॉक धान पर 3 प्रतिशत सूखत देकर राहत पहुंचाई थी।

इस वर्ष जारी धान खरीदी नीति में बफर लिमिट से अधिक धान का 72 घंटे के अंदर परिवहन संबंधी नियम को हटाया जाना समिति के हितकर में नहीं है। बावजूद इसके धान खरीदी के एक माह तक समिति से उठाव के लिए नीति को लेकर कर्मचारियों में हड़कंप है, ऐसी परिस्थितियों में धान उपार्जन का कार्य करना किसी संकट से कम नहीं है।



### समितियों को इस तरह होता है धान में सूखत से नुकसान

समर्थन मूल्य धान खरीदी का कार्य जिला कलेक्टर के निर्देश में शासन की नीतियों के अंतर्गत विपणन संघ, जिला सहकारी केंद्रिय बैंक एवं खाद्य विभाग की निगरानों में समितियों के माध्यम से की जाती है। किसान समितियों में टोकन के माध्यम से धान बेचने आते है और समिति के कर्मचारी किसानों के धान का प्रति बोरी 40 किलोग्राम के मान से तोलकर समितियों में सुरक्षित डंप करता है। समिति द्वारा किसानो के धान को 17 प्रतिशत की नमी पर खरीदा जाता है। अब विपणन संघ के माध्यम से मिलर्स को धान उठाव के लिए डिलीवरी आर्डर प्राप्त होता है। पश्चात 15 दिवस के भीतर धान का परिवहन करना होता है। इस बीच जो माहभर समिति में धान डंप होता है जिससे धान की नमी सूखकर 14 प्रतिशत हो जाता है और जैसे जैसे समय बीतता जाता है धान में सूखत की मात्रा बढ़ती जाती है, जिसका पूरा नुकसान समितियों को उठाना पड़ता है। परिणामस्वरूप समितियों को खरीदे गए धान की कमीशन से सूखत की राशि काट दी जाती है।

## छत्तीसगढ़ से खेती-किसानी को ही खत्म करना चाहती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि रबी फसल लगाने वाले किसानों को जबरन मना करवाना भाजपा सरकार का किसान विरोधी कदम है। डॉ रश्मि ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का रवैया शुरू से ही किसानों के खिलाफ रहा है। भाजपा की मोदी सरकार पहले किसानों के लिए तीन काले कानून लेकर आई और उनका देशभर में विरोध हुआ तो सरकार द्वारा उन तीन काले कानूनों को वापस लेना पड़ा था। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा, धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ से किसान व खेती को ही खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में धान उपज नहीं लेने के लिए प्रशासन मुनादी करा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इसे जबरिया रोक लगाने वाला करार देते हुए आपत्ति जताई है। रश्मि ने कहा कि यह सरकार का किसान विरोधी रवैया है। सरकार कौन होती, किसानों को खेती करने से रोकने वाली। किसान अपनी सुविधा और उपयोग अनुसार फसल लेते है। उन पर सरकार का रोक लगाया जाना गलत है। सरकार की नीति नहीं है तो अधिकारी किनके इशारे पर किसानों को प्रताड़ित कर रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने कलेक्टरों के माध्यम से पूरे प्रदेश में किसानों पर रबी फसल में धान की फसल नहीं लेने का दबाव बना रही है। जिले के कुछ गांव में तो फसल नहीं लेने के लिए मुनादी भी करवाई, भाजपा किसानों को फसल लेने को जबरिया रोक रही है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में खेती और किसान है ही नहीं।





## कलेक्टर ने किया ओडिशा सीमा से लगे चेक पोस्ट का निरीक्षण, अवैध धान खरीदी रोकने के दिए सख्त निर्देश

**महासमुंद।** कोमाखान तहसील में ओडिशा राज्य की सीमा से लगे चेक पोस्ट नर्रा एवं टेमरी का आकस्मिक निरीक्षण गुरुवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने किया। इस दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद टीम को अवैध धान की तस्करी रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि चेक पोस्टों पर निगरानी को कड़ा किया जाए और किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध धान परिवहन पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया।




# जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं आज रहेंगी एक दिवसीय हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को नियमित कर उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित करने, मानदेय बढ़ाने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के आह्वान पर आज जिले की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगी। आंबा कार्यकर्ताओं की हड़ताल से आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटक जाएगा। साथ ही कामकाज भी प्रभावित होंगे। इसे लेकर महिला बाल विकास द्वारा अभी तक कोई व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी है।

बता दें कि जिले में 1782 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। यहां साढ़े तीन हजार कार्यकर्ता व सहायिकाएं सेवाएं दे रही हैं। संयुक्त मंच की अध्यक्ष द्रोपती साहू ने बताया कि हम 50 सालों से कार्यरत हैं पर आज भी मानसेवी नहीं है। सरकार हमें भी नियमित करते हुए सरकारी कर्मचारी घोषित करें। तब तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 21 हजार और सहायिकाओं को 17 हजार 850 रुपए जीने लायक वेतन दिया जाए। साथ ही वर्तमान कार्यकर्ताओं को प्राप्त मानदेय का 85 प्रतिशत सहायिकाओं का स्वीकृत की जाए, सेवानिवृति के बाद पेंशन ग्रेज्युटी, सेवानिवृत्त के बाद कार्यकर्ताओं 5 लाख रुपए मिले, समूह बीमा योजना लागू किया जाए। आकस्मिक मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्त, सुपरवाइजर में शत- प्रतिशत भर्ती, मानदेय बढ़ाने के साथ महंगाई भत्ता, पर्यवेक्षकों का तीन साल में स्थानांतरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि 10 साल से ज्यादा समय से कम वेतन में कार्यकर्ता व सहायिकाएं सेवा दे रही हैं। लेकिन, सरकार ने सरकारी कर्मचारी घोषित नहीं किया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री से कई बार मांग की जा चुकी है। विभागीय कार्य के अलावा भी कई काम हमसे लिया जाता है, जिससे विभाग का कार्य बाधित होता है। श्रीमती साहू ने बताया कि इन सभी मांगों को लेकर गत दिनों रायपुर में मंच की बैठक में एक दिवसीय आंदोलन को लेकर निर्णय लिया गया है। 8 नवंबर को जिले की सभी कार्यकर्ता व सहायिका लोहिया चौक में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगी।



### 'ड्रेस कोड व्यवहारिक नहीं '

श्रीमती साहू ने कहा कि सरकार कहती है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मानसेवी हैं और ड्रेस नहीं पहनने पर मानदेय काटा जाता है जो सही नहीं है। जबकि कार्यकर्ता उस गांव की बेटी या बहू होती हैं उन्हें सब जानते हैं। यदि ड्रेस कोड बाध्य है तो हर माह उसकी धुलाई का भत्ता दिया जाए। साथ ही विभागीय गतिविधियों को संचालन में आ रही समस्याएं, हर माह 5 तारीख तक मानदेय का भुगतान दिया जाए।

### रेडी-टू-ईट वितरण और टीकाकरण होगा प्रभावित

श्रीमती साहू ने बताया कि धरना के साथ नगर में रैली निकाली जाएगी। बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यकर्ताओं की हड़ताल से आंगनबाड़ी में होने वाले कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ जाएंगे। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले रेडी-टू-ईट वितरण, गरम भोजन, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण नहीं हो पाएगा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सिख समाज के रणजीत तीसरी बार बने अध्यक्ष, जोरावर सचिव

**सरायपाली।** सिख समाज में नए पदाधिकारियों का गठन किया गया। इसमें तीसरी बार रणजीत सिंह आहूजा को सिख समाज का अध्यक्ष चुना गया है। नवगठित पदाधिकारियों में संरक्षक अमर बग्गा, मंजीत सिंह सलूजा, विपिन उपोवेजा, उपाध्यक्ष तेजपाल उपोवेजा, राजेश आहूजा, हरप्रीत सिंह, सचिव जोरावर सिंह सलूजा, सहसचिव सूरज सिंह सलूजा, रोहित बग्गा, कोषाध्यक्ष प्रकाश हमदेव, सह कोषाध्यक्ष मनीष आहूजा व राजा उपोवेजा को बनाया गया है।

### गोस्वामी समाज की बैठक 10 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक 10 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से जिलाध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के निवास स्थान कुशाभाऊ ठाकरे गार्डन के पास राम रहीम नगर महासमुंद में आहूत की गई है। बैठक में पारिवारिक सम्मेलन आयोजित करने तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। समाज के सचिव ओमप्रकाश पुरी तथा कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि ने यह जानकारी देते हुए जिला इकाई के समस्त पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### मितानिन और उसकी बहन को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम बरिहापाली में मितानिन और उसकी बहन के साथ एक व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को मितानिन कीर्ति मंडावी ने बताया कि 18 अक्टूबर की दोपहर करीबन 12 बजे वह एवं अपनी बहन शशि जगत के साथ घर से बस्ती की ओर जा रही थी। गांव की गली में प्यारी सोनी के घर के सामने ललित निर्मलकर एवं उनकी पत्नी गीतांजलि निर्मलकर आए। पुरानी रंजिश को लेकर हम दोनों के साथ ललित निर्मलकर द्वारा गाली गलौज करने लगा। जिसे मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट पर 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### दो-पहिया वाहन मरम्मत का प्रशिक्षण 11 से

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्थान के निदेशक टुटू बेहेरा ने बताया कि दो-पहिया वाहन मरम्मत का प्रशिक्षण 11 नवंबर और फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण 13 नवंबर से शुरू होगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 35 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष होना चाहिए तथा आवश्यक दस्तावेज बीपीएल राशन कार्ड, आधार कार्ड की 2-2 प्रतिलिपियां, अंकसूची की 1 प्रतिलिपि, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो अनिवार्य है।

**धर्म-कर्म :** शहर के दशहरा मैदान में चल रहा श्रीमद भागवत महापुराण

# कीचड़ रूपी संसार से बेदाग निकलना भगवत भक्ति से ही संभव : भागीरथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





गज मोक्ष की कथा श्रवण करने से मनुष्य देवऋण, गुरु ऋण और पितृत्व ऋण से मुक्त होता है। मनुष्य जन्म लेते ही इस तीनों ऋण से लद जाता है और पूरा जीवन इसे उतारने में लगा रहता है। फिर भी इससे वह उबर नही पाता। माताएं जो सतकर्म करती है उससे उनका और पूरे परिवार का कल्याण होता है, इसलिए माताओं के पूजन विधान में बहुत सी विधियां बताई गई है।

स्थानीय दशहरा मैदान में सिन्हा परिवार द्वारा आनंदराम, गणेश राम व दीपक सिन्हा की स्मृति में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा का बखान करते हुए व्यासपीठ से पंचकोशी धाम फिंगेश्वर वाले भागीरथी महराज ने व्यासपीठ से गजेंद्र मोक्ष की कथा का बखान करते हुए कहा कि यह संसार एक कीचड़ है और कीचड़ से बिना दाग लगे जीवन निकालना ही श्रेष्ठ है। जब सरोवर में गजराज और मगर के बीच एक वर्ष तक लड़ाई चली तो अंत में मगर उसे सरोवर के अंदर खींचकर ले गया। अंत समय में गजराज ने भगवान का स्मरण कर करूण पुकार लगाई और कमल पुष्प लेकर भगवान का इंतजार करने लगे। भगवान जब भक्त की करूण पुकार सुनकर पहुंचे तो उसे गजराज ने कमल पुष्प भेंट किया। प्रभु ने सूंड पकड़कर गजराज को सरोवर से बाहर निकाला। गजराज के साथ मगर भी खींचा चला आया। प्रभु ने सुदर्शन से मगर का उद्धार किया। साथ ही गजराज को भी अपना निजधाम में वास दिया। व्यासपीठ से महराज ने कहा कि त्रिकूट पर्वत पर रहने वाला बलशाली गजराज अपने पूरे परिवार के साथ सुखपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहा था, लेकिन जब सरोवर में पूरे परिवार के साथ जल क्रीड़ा करने आया तो मगर उसे सरोवर के अंदर ले गया। इस समय परिवार के सभी लोग उसे असहाय छोड़कर चले गए और अंत में प्रभु ने ही उन्हें मोक्ष प्रदान किया। कहने का आशय यह है कि जिस परिवार के लोगों का वह दिन भर लालन-पालन करते रहा वे सभी उसे भूल गए और जीवन में प्रभु का कभी स्मरण नहीं किया। वही प्रभु अंत समय में दर्शन दिए। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को भगवत स्मरण करते रहना चाहिए। महाराज ने यह भी बताया कि ऋषि श्राप से गंधर्व को मगर की योनि मिली थी। इसी तरह अगस्त के शाप से एक राजा को हाथी का योनि प्राप्त हुआ था।

# राज्य खुली शतरंज प्रतियोगिता कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन में मुंगेली चैंपियंस ट्रॉफी छत्तीसगढ़ राज्य ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ मुंगेली द्वारा 9 एवं 10 नवंबर को किया गया है। राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने बताया कि यह खुली शतरंज स्पर्धा है। इसमें किसी भी उम्र के खिलाड़ी 500 रुपए प्रवेश शुल्क ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर हिस्सा ले सकते हैं।

उक्त प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से 7 चक्रों में खेली जाएगी। प्रत्येक खिलाड़ी को पहली चाल में 30 सेकंड इंक्रीमेंट के साथ 30-30 मिनट का समय दिया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को आवास व्यवस्था डोरमेंट्री के रूप में निशुल्क दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में 55000 रुपए की नकद राशि खिलाड़ियों को इनाम स्वरूप दी जाएगी। स्पर्धा में 4 ट्रॉफी के साथ 27 मोमेंटो विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा प्रदाय किए जाएंगे। स्पर्धा का उद्घाटन 9 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 10 नवंबर को शाम 5 बजे होगा।

पुरस्कार की राशि में पहला 7000 व ट्रॉफी, दूसरा 5000 व ट्रॉफी, तीसरा 3000 व ट्रॉफी, चौथा 2500 व ट्रॉफी, पांचवा 2000, छठवां 1500, सातवां 1200, आठवां से दसवां 1000, ग्यारहवां से पंद्रहवां 700, सोलहवां से बीसवां 500 रुपए। मुख्य पुरस्कार के अलावा अन्य केटेगरी के तहत बेस्ट महिला खिलाड़ी, बेस्ट सरगुजा संभाग खिलाड़ी, बेस्ट मिनी खिलाड़ी(11 वर्ष से कम), बेस्ट मिनी खिलाड़ी (8वर्ष से कम), बेस्ट वेटरन खिलाड़ी, बेस्ट जूनियर खिलाड़ी, बेस्ट बस्तर संभाग खिलाड़ी, बेस्ट दिव्यांग खिलाड़ी, बेस्ट मुंगेली खिलाड़ी के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को भी क्रमशः 1000, 700, 500 रुपए की नगद राशि व मोमेंटो अतिथियों द्वारा दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ी राज्य सचिव हेमंत खुंटे से संपर्क कर सकते हैं।

## पक्षियों के लिए धान का झाला बांधा गया



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पक्षियों के लिए धान झाला बांधा गया। प्रेम चंद्राकर कार्यसमिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा छग व श्याम साकरकर मंडल अध्यक्ष ग्रामीण एवं संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा में धान का एक अलग महत्वपूर्ण है। पक्षियां धान फसल की रक्षा करती हैं, इस वजह से धान के पहले दाने पर उनका हक है। किसान के घर धान की चिरई चुगनी बनाई जाती हैं, जिसे चिड़ियों के चुगने के लिए घर के दरवाजों पर लटका दिया जाता है।

# नगर आगमन पर रामू एवं भगत का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा छग एवं भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष यादव समाज के महासमुंद आगमन पर राजू यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा, राहुल चंद्राकर युवा भाजपा नेता एवं प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज महासमुंद के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सोहन यादव महासमुंद परिक्षेत्र अध्यक्ष, चरण यादव खल्लारी परिक्षेत्र, डूमन यादव सरपच बिहाझर, राहुल यादव, मनोज यादव जिला महासचिव, छगन यादव उपसरपंच, जनक यादव पूर्व उप सरपंच उमरदा, लीलाधर यादव भोरिंग परिक्षेत्र अध्यक्ष, पुष्कर यादव तुमगांव, खिलावन यादव भोरिग परिक्षेत्र सचिव, फूलचंद, मोहन, दिलीप, बेदराम, भानु यादव, नर सिंह, सारिका यादव, कुमारी यादव, उपासना यादव, सीता यादव, पायल यादव, राजू घड़गे, लखनू निर्मलकर, ईश्वर चंद्रवंशी, शंकर चंद्राकर, कुमार विदानी, नेहरू निषाद, देव चंद्राकर, लीलाधर साहू, वेद साहू, चंद्रहास चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपाइयों ने किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के प्रचार में सिविल लाइन मंडल में 50 बूथ के प्रभारी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा के मार्गदर्शन व नेतृत्व में प्रचार करने महासमुंद की टीम पहुंची। जानकारी देते हुए वार्ड नं. 10 के पार्षद व भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचन्द राठी ने बताया कि महासमुंद से भाजपा नेता मोहन साहू, पवन साहू, हनीष बग्गा, महेंद्र सिका, जितेंद्र साहू, मनीष शर्मा, नईम खान लगातार 4 दिनों से रायपुर दक्षिण विधानसभा में प्रचार में लगे हुए है। रायपुर के प्रियदर्शनी नगर बूथ क्र. 228, 229, 230 में बूथ प्रभारी मिठ्ठल लाल बिहोने, कार्यालय प्रभारी प्रकाश जोशी, 230 बूथ प्रभारी शैलेंद्र सोनवंशी के नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की रैली निकालकर डोर टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को विजयी बनाने की अपील की गई। महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं में भाजपा प्रत्याशी को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है। महिला मोर्चा के कार्यकर्ता प्रमिला धृतलहरे, लक्ष्मी महानंद, मनीषा नागेश, पिंकी ध्रुव, दुर्गा छत्रपाल, भुनेश्वरी ध्रुव, गीतांजली छत्रपाल, जामबाई नागेश, सरस्वती नायक, वेदवती जायसवाल, रेवती ध्रुव, मीना नागेश, गंगा साहू, मीना छत्रपाल, उदयराम, तुलसी साहू, केशव, शंकरलाल साहू आदि शामिल रहे।

### भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस पर 7 नवंबर को जिला एवं विकासखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में चंडी मंदिर प्रांगण बिरकोनी में सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के मुख्य अतिथि दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष एतराम साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव, जय पवार जिला उपाध्यक्ष, ताम्रजध्वज निषाद सरपंच बिरकोनी थे। इस अवसर पर तुलेंद्र सागर, रामकुमार साहू, सुरेंद्र मानिकपुरी, कमल लूनिया, प्रमोद कुमार कन्नौजे, लीनू चंद्राकर, लता वैष्णव, चंद्रकांता ठाकुर, हीरेंद्र साहू, रोशन आरा रिजवी, मुरलीधर पटेल, अजय तांडी, दिनेश घाड़गे एवं विकासखंड के स्काउटर गाइडर, विकासखंड के स्काउट गाइड रोवर रेंजर उपस्थित रहे। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन धर्म का प्रार्थना किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भारत स्काउट्स गाइड्स के स्थापना दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती का शुभारंभ हुआ। आज के दिन 7 नवंबर 1907 को भारत स्काउट गाइड का स्थापना हुआ था। साथ ही स्काउटर गाइडर द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को स्थापना दिवस का स्टीकर लगाकर हीरक जयंती वर्ष का आगाज किया, जो एक वर्ष तक मनाया जाएगा।

# बसना थाना क्षेत्र में सोना-चांदी चमकाने के नाम पर ठगी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सोना-चांदी चमकाने के नाम पर बसना क्षेत्र के गांवों में ठगी के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से जेवर एवं साफ करने वाला पाउडर, बाइक नगद रकम सहित 169600 रुपए बरामद किया किए गए।

पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि 3 नवंबर को रोशन चौधरी पिता जगतराम चौधरी निवासी पितईपाली के द्वारा थाना बसना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी पत्नी घर में थी, इसी दौरान 2 व्यक्ति घर में आए और बोले कि पुराने सोने चांदी के जेवर को साफ करते है। उनके झांसे में आकर महिला ने अपने सोने के मंगलसूत्र को साफ करने के लिए दिया। कुछ देर बाद प्लास्टिक पैकेट वापस किया व आरोपी चले गए, कुछ समय बाद शंका होने पर प्लास्टिक पैकेट को चेक किया गया तो उसमें मंगलसूत्र नहीं था। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व ठगी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम ने आसपास में लगे सीसीटीवी को चेक किया गया, जिसमें 2 आरोपी जाते दिखे। पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज में मिले फोटो के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ठगी करने वाले एक व्यक्ति का हुलिया सीसीटीवी फुटेज से मिलता जुलता है जो सिंघनपुर के पास खड़ा है। पुलिस के द्वारा उक्त सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल रवाना होकर एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

जिसने पूछताछ में अपना नाम अमन कुमार साव पिता अरूण कुमार साव (24 साल) निवासी पचगाछिया थाना गोपालपुर जिला भागलपुर बिहार का रहने वाला बताया। पूछताछ करने पर बताया कि 3 नवंबर को फकीर सोना के साथ, ग्राम पितईपाली व 27 अक्टूबर को प्रार्थी नारायणी साहू निवासी ग्राम सराईपाली के साथ अपने साथी मिथुन उर्फ कौशल कंसारा के साथ सोना चमकाने के नाम पर मंगलसूत्र व टॉप्स को धोखाधड़ी करना स्वीकार किया।

### ये सामान बरामद

पुलिस टीम के द्वारा थाना बसना के ग्राम सराईपाली के प्रकरण में घटना में प्रयुक्त बाइक सीजी13 एएस 6851, मोबाईल फोन, बैटरी, तराजू, सोने/चांदी चमकाने वाला पाउडर, सोने का लाकेट 2।28 ग्राम कीमत 15, 000 रुपए, नग चांदी का रिंग, सोने का दाना 3।78 ग्राम कीमत 28, 000 रुपए, तार व लकड़ी का ब्रश, नगद रकम 16, 600 रुपए इस तरह कुल 151600 रुपए जब्त किया गया। इसी तरह बसना के ग्राम पितईपाली के प्रकरण में सोने-चांदी चमकाने वाला पाउडर एवं नगदी रकम 18000 जब्त किया गया। टीम के द्वारा दोनों प्रकरणों में कुल 169600 रुपए का सामान और नगद जब्त किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है वहीं अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में किया गया। सरस्वती पूजन के पश्चात पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य मोती देवांगन के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर दो मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। तदुपरांत भगत राम साहू द्वारा दीपावली पर प्रासंगिक भक्तिपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। संगठन के नव आगंतुक सदस्यों क्रमशः प्रणीत शर्मा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शिक्षा विभाग, भरत लाल साहू सेनि डिप्टी रेंजर वन विभाग, विष्णु प्रसाद मिश्रा सेनि सहायक वर्ग-1 उच्च शिक्षा विभाग, शशि सोनी सेनि सहायक वर्ग-2 उच्च शिक्षा विभाग, महेंद्र कुमार साहू सेनि सहायक वर्ग-1 वन विभाग, सुरेंद्र तिवारी उच्च वर्ग शिक्षक-शिक्षा विभाग, अर्जुन साहू सेनि परिचालक-जल संसाधन विभाग, शोभा राम यादव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, शिव कुमार साहू आबकारी विभाग, दानीराम साहू, सेनि प्रधान आरक्षक पुलिस विभाग का श्रीफल भेंटकर एवं गुलाल लगाकर संघ के अध्यक्ष राम कुमार साहू, वरिष्ठ ग्रामीण उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, कोषाध्याक्ष विनोद जोशी, संगठन मंत्री चम्मन लाल साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, बोधन साहू, पुरूषोत्तम शर्मा, चोवाराम साहू द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सभी नए सदस्यों ने अपना परिचय देते हुए पूर्व अनुभवों का वर्णन कर संगठन के प्रति अपनी एकजुटता एवं प्रतिबद्धता व्यक्त की। मंच संचालक शिव कुमार साहू सचिव ने संगठन में नए सदस्यों को अवगत कराया। सर्वप्रथम संगठन मंत्री चमन लाल साहू ने गत माह में संगठन द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किया। टीपी वर्मा सेनि सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग ने धार्मिक उद्धरण प्रस्तुत करते हुए सत्संग और तपस्या में अंतर में प्रकाश डाला। वरिष्ठ सदस्य हनुमान शरण यादव द्वारा रामायण आधारित दोहा, चैपाई आदि प्रस्तुत कर राम भक्त हनुमान की महिमा एवं भक्ति की प्रस्तुति दी। एसोसिएशन के गणेश बहादुर गुरूंग ने शेरो शायरी के साथ हास्य प्रसंग प्रस्तुत किया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रमौतिन साहू ने अपने विचार व्यक्त कर सभी सदस्यों को उनके गृह ग्राम में आयोजित श्रीमद भागवत गीता कार्यक्रम में आमंत्रित किया। गणेशचंद्र गोहिल, देवनारायण बिसेन, दानीराम साहू, भरत लाल साहू, पं. पुरूषोत्तम शर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, जगमोहन साहू, अर्जन साहू, आर साहू आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष राम कुमार साहू ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सभी से आग्रह किया कि इस माह जीवित प्रमाण-पत्र बैंक में अनिवार्य रूप से जमा कर, प्रमाण-पत्र के साथ, दो फोटो, आधार, पेन, पीपीओ की छायाप्रति संलग्न कर दे, यदि किसी पेंशनर को कोई कठिनाई हो तो तत्काल संगठन को सूचित करें। ताकि, संगठन से उनका सहायता उपलब्ध कराई जा सकें। कार्यक्रम में बोधन लाल साहू, जोहन चंद्राकर, संतुराम साहू, मुरलीधर पटेल, प्रभुलाल चौहान, सीएल साहू, जगमोहन साहू, आईएम कुरैशी, चीमा बाई, भूषण लाल भोसले, यशवंत साहू, गणेशराम साहू, विष्णु राम साहू, शिवनंदन भोसले, टोपसिंह दीवान, रूपचंद वर्मा, कोमल लाल चंद्राकर, मेघनाथ साहू, रमेश कुमार गुप्ता, सुजान यादव, पुकराम बारले, रतनलाल साहू, ज्ञानसिंह चंदेल, संतोष साहू, नोहर लाल चंद्राकर, सुभाष नंद, कमलनारायण, लूनकरण साहू, राधेश्याम चंद्राकर, रामटहल निषाद, बीएल साहू, त्रिलोकीनाथ साहू, दुर्गेश चंद्राकर, गणेशचंद्र गोहिल आदि अनेक सदस्यगण उपस्थित हुए।



